भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 3396
गुरुवार, 20 मार्च, 2025 (29 फाल्गुन, 1946 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

दरभंगा विमानपत्तन का विकास

3396. श्री गोपाल जी ठाकुरः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बिहार में दरभंगा विमानपत्तन को अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन के रूप में विकसित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) दरभंगा में अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ग) दरभंगा विमानपत्तन पर रात्रि लैंडिंग की सुविधा कब तक उपलब्ध हो जाएगी; और

(घ) इसके लिए आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): दरभंगा हवाईअड्डा, भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का है और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) इस हवाईअड्डे पर अंतरिम सिविल एन्क्लेव का रखरखाव करता है। क्षेत्र में यात्री यातायात की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, एएआई ने 911.66 करोड़ रुपए की लागत से दरभंगा हवाईअड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव के विकास का कार्य शुरू किया है। इस उद्देश्य के लिए, बिहार राज्य सरकार ने एएआई को 52.65 एकड़ भूमि सौंपी है।

भारतीय वायुसेना का हवाईअड्डा होने के नाते, रेडियो दिक्चालन सुविधाएं (जैसे इन्स्ट्रुमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस), डॉपलर वेरी हाइ फ्रिक्वेन्सी ओमनी-डाइरैक्शनल रेडियो रेंज/ दूरी मापन उपकरण (डीवीओआर/ डीएमई), आदि) का प्रावधान, जो इस हवाईअड्डे पर रात्रि लैंडिंग कार्यों को सुविधाजनक बना सकता है, भारतीय वायुसेना के अधिकार क्षेत्र में आता है।

किसी हवाईअड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के रूप में घोषित करना यातायात क्षमता, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के परिचालन के लिए एयरलाइनों की मांग और द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते के अलावा ग्राउंड लाइटिंग सुविधाओं, उपकरण अवतरण प्रणाली, रनवे की लंबाई, आप्रवासन, स्वास्थ्य और पशु एवं पौधों के लिए संगरोध सेवाओं आदि के प्रावधान पर निर्भर करता है। वर्तमान में, दरभंगा हवाईअड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव नागर विमानन मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

*****